संदेश

मेरे लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि केंद्रीय विद्यालय कटिहार सत्र (2023- 24) के ई-समाचारिका का प्रकाशन करने जा रहा है, जो कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु FLN (मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता),शैक्षिक एवं सह-शैक्षिक गतिविधियों का दर्पण है।

विद्यालय न केवल बच्चों के 360° (सर्वांगीण) विकास के लिए कटिबद्ध है वरन पूर्ण निष्ठा से प्रयत्नशील है। विद्यालय न्यूज-लेटर एक ऐसा मंच है जहाँ प्राथमिक संभाग के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की रचनात्मक एवं कलात्मक प्रतिभाओं के विविध रूपों एवं गतिविधियों की झलक देखने को मिलती है।

"बच्चों के सपने बड़े होते हैं और पूरे करने के इरादे दृढ़ होते हैं।"

विद्यालय के हेडमास्टर, सभी प्राथमिक शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को इस रंग- बिरंगे प्रयास के लिए मेरी ढेर सारी शुभकामनाएँ।

असद अली खान
प्राचार्य
केंद्रीय विद्यालय कटिहार